राष्ट्रीय सेवा योजना

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पता- शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला- बलिया, उ. प्र., पिन कोड- 277001

मोबाईल फोन नम्बर- 9452400911 ई-मेल- nssjncu@gmail.com , kksinghd@gmail.com

पत्रांक- जे.एन.सी.यू./एन.एस.एस./56/2024-25 दिनांक- 13/09/2024

सेवा में,

समस्त कार्यक्रम अधिकारी,

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया एवं सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषय - राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों के आयोजन में आवश्यक प्रक्रिया का पालन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/ महोदया,

उच्च स्तर से प्राप्त निर्देश के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में निम्न प्रकिया का पालन सुनिश्चित करें-

1. किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के पूर्व सम्बन्धित प्राधिकृत अधिकारी (विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी एवं महाविद्यालय में प्राचार्य/प्राचार्या) से कार्यक्रम के आयोजन एवं उसमें धनराशि व्यय करने के सम्बन्ध में लिखित अनुमति अवश्य प्राप्त करें।
2. अनुमति प्राप्त करने के बाद सम्बन्धित कार्यक्रम का विवरण My Bharat portal पर Events के अन्तर्गत अवश्य दर्ज करें।
3. कार्यक्रम के आयोजन की सूचना, जिसके साथ लिखित अनुमति की छायाप्रति संलग्न हो, एक पत्र के माध्यम से कार्यक्रम समन्वयक को विश्वविद्यालय के एनएसएस सेल के ई-मेल आईडी.- nssjncu@gmail.com पर कार्यक्रम के आयोजन के एक दिन पूर्व अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें, जिससे आयोजित कार्यक्रमों का सक्षम प्राधिकारियों एवं कार्यक्रम समन्वयक द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जा सके।
4. कार्यक्रम के आयोजन के उपरान्त Events के अन्तर्गत add Gallery में जाकर महत्त्वपूर्ण एक्शन फोटोग्राफ, पेपर कटिंग एवं वीडियो लिंक My Bharat portal पर अवश्य अपलोड एवं पब्लिश करें।

भवदीय

14/09/2024

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),

कार्यक्रम समन्वयक

कार्यक्रम समन्वयक जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, कुलपति जी को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

Scanned with OKEN Scanner